# बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया शिविर आयोजन



स्टार समाचार | भोपाल

भोपाल, बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल क्षेत्र ने वित्तीय सेवाएं विभाग के दिशानिर्देशों के अंतर्गत विशेष मेगा संतृप्ति शिविर का आयोजन बिजलौन और सूखीसेवनिया में किया।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली, बैंक प्रधान कार्यालय, वित्तीय समावेशन विभाग के महाप्रबंधक विमल कुमार नेगी, अंचल प्रमुख, भोपाल शैलेष कुमार पारख तथा क्षेत्रीय प्रमुख, भोपाल दीपेश कुमार गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल सुश्री रेखा चंदनावेली के द्वारा री-केवाईसी के महत्व की जानकारी दी गई और उन्होंने बताया कि री-केवाईसी नहीं होने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से मिलने वाले लाभों से वंचित हो सकते हैं। सभी ग्राम वासियों को री-केवाईसी की पूरी प्रक्रिया को करने के लिए कहा। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाते खोलना एवं केवाईसी अपडेट कराना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि की जानकारी दी। साथ ही, प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अपने बैंक खातों से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करने तथा धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए।